मन का उदार श्रीमा हाय का अपमा टर
बाद ही का बाता है महेगा सुर दुर को।
गपिम रिमायहू म लेमा जा भेयारो तब
यान कहु याहू गिगार है पुरुष का ॥८॥
[सब वाह-वाह करते हैं]

दारा— (खुश होकर) वाह-वाह क्या खूब ! (शराब का प्यासा पीता है)

कवि— (फिर मुजरा करके)

छप्पय

यात यात में नरक करें निज मुख प्रभुताई।
जन जन तें मित्रता खुशल बाँध मनुहाई॥
सब कामन तें अरुचि न्याय आवे न महापद्।
ग्रामनि विपुल प्रसादु करें कुनाद बैन खद्॥
यों राजनीति चाणक्य कह जग प्रसिद्धि शिक्षा परम।
गनवे योग नाहिं नृपनिविम ये पद सेवक प्रथम॥४॥

एक मुसाहिब—क्या मुनासिब बात कही।

एक राजा साहब—वाह ! क्या कहना है।

दारा— दोस्तो आज का जल्सा बस यहीं खत्म किया जाय। उम्मीद है आप लोगों की खूब तबियत खुश हुई?

मुसाहिब— हुजूर शाहजादे की इनायत से वह-वह चीजें सुनने को मिलीं जो बायाद हैं।

[मुजरा करके जाते हैं]

दारा— (अकेले में अर्जुन और की रोक कर) राय अर्जुन मुझे आपसे तखलिये में कुछ कहना है।

अर्जुन— (सलाम करके) जैसी शाहजादा की आज्ञा ! (बैठ जाता है)

दारा— (सब के चले जाने पर) कहिये आपका उस मामले में

क्या किया ?

अर्जुन— शाहजादा साहेब मैंने महाराणा से चर्चा की थी वह आग-बबूला हो गई।

दारा— (क्रोध से) इसके क्या मान ?

अर्जुन— खुदावन्द मैं अर्ज नहीं कर सकता।

दारा— (गुस्से से) मैं हुक्म देता हूँ जो गुस्ताखी हुई हो साफ-साफ बयान करो।

अर्जुन— (हाथ जोड़कर) बन्दानवाज दास ने रानी को खूब ऊँच नीच समझाया। मगर उन्होंने एक ही जवाब दिया कि अनहोनी नहीं हो सकती।

दारा— अनहोनी क्या ? क्या हिन्दू सरदार की बेटी—तमाम हिन्दुस्तान के शाहंशाह के वली-अहद को ब्याही जाय और हिन्दुस्तान की मलिका कहलाय ? क्या यह न ऐसा नहीं हुआ ?

अर्जुन— शाहजादा, गुस्ताखी माफ हो अमरसिंह के कान में भनक जरा भी भनक पड़ी कि खैर नहीं।

दारा— परवाह नहीं मैं उस मच्छर की भाँति पीस डालूँगा।

[दरबान का प्रवेश]

दरबान— जहांपनाह सलामत ! बख्शी सलाबतखाँ ड्योढ़ियों पर हाजिर हैं।

दारा— हाँ मैंने उन्हें बुलाया है हाजिर करो।

[दरबान का प्रस्थान सलाबतखाँ आते हैं]

महाबतखाँ—बन्दगी शाहज़ादा।

दारा— बन्दगी खाँजी, कहिए, क्या ख़बर लाए हैं?

महाबतखाँ—ख़बर अच्छी नहीं।

दारा— क्या उसने इन्कार कर दिया?

महाबतखाँ—इन्कार ही नहीं उसने मेरे सिर का मुण्डा-सा उड़ाने को तलवार खींच ली।

दारा— अच्छा देखूँगा उस मग़रूर को। मैं परवाना देता हूँ उस पर बादशाह के दस्तख़त कराकर आज ही सरहद पर अमीन के पास भेज दो और उसे समझा दो कि हमारी हिदायतों का ख़्याल रखा जाय।

महाबतखाँ—जो हुक्म मगर अमरसिंह अमीन के फ़ैसले को नामंज़ूर करता है। वह कहता है कि मेरे काम में शाही दख़ल न होना चाहिये।

दारा— देखा जायगा। अभी अमीन के पास फ़र्मान रवाना कर दो और बादशाह सलामत के हुज़ूर में अर्ज़ करो कि अमरसिंह ने बग़ावत पर कमर बाँधी है।

महाबतखाँ—बहुत ख़ूब।

[महाबतखाँ का प्रस्थान]

दारा— (अर्जुन से) आप ख़बरदार रहिए राव साहब! आप मौक़ा पाते ही अमरसिंह को, रानी को या तारा को समझाइए जाय।

[अर्जुन का प्रस्थान]

तारा— (स्वगत) मैंने सिर्फ उसकी एक झलक ही देखी है। क्या ही पाकीजा सूरत है। क्या आँखें हैं। आह! अगर उसे न पा सका तो आगरे का तख्त पाने ही से क्या? (टहलता हुआ) खैर देखा जायगा।

सातवाँ दृश्य

[स्थान—नौगढ़ का। अमरसिंह चक्कर घूम रहे हैं। भू में चढ़ी हुई आँखें साफ समय—प्रातःकाल]

अमरसिंह—(स्वगत) दासता के बन्धन में बँधने का अपराध जो कोई राजपूत करेगा उसे कठोर प्रायश्चित्त करना ही पड़ेगा। यही प्रायश्चित्त आज मुझे करना है। सिंह बन्धनों में नहीं रह सकते। बादशाह की ड्योढ़ी पर जाकर चाकरी बजाना राजपूत के लिये बेहयाई है। परन्तु राजपूतों के लोहे में मोर्चा लग गया है। आज उनके भाग्य फूट गये हैं। इस पापी पेट ने बनियों की भाँति राजपूतों को भी अपना गुलाम बना लिया है। (तनी भौंह सीधकर) यह राजपूतों के विनाश के लक्षण हैं। (ऊँचे स्वर में) पर जब तक अमरसिंह की कमर में यह भयानक तलवार है और धड़ पर सिर है तब तक क्या चिन्ता है? राजपूत की शक्ति उसकी कठिनाइयों में है। अमरसिंह विपत्ति से भय नहीं खाता। आज या तो शाहशाही का दर्प चूर्ण होगा या राजपूतों की पत ही जायगी।

किसन— (हँस कर) पृथ्वीनाथ, सेवक सदैव ही सिर लिए रहता है। और क्या आज्ञा है?

अमरसिंह—जा घोड़ा तैयार कर। (किसन जाता है)

[रानी का प्रवेश]

रानी— प्राणनाथ शत्रु-सैन्य में निःशस्त्र जाना नहीं चाहिए। इस मेरी कटारी को लीजिए। यह असल सिरोही की है और इसमें मेरे सौभाग्य की आशीर्वाद समाविष्ट है। स्वामी समय पर यह सौ तलवारों का काम देगी। इसके साथ माता का आशीर्वाद और मेरा प्रेम जाता है। लीजिए।

[हाथ में देती है]

अमरसिंह—लाओ प्यारी आज इस से सौभाग्य का उपयोग किया जायगा। (कमर में छिपा लेता है)

[किसन का घोड़ा लेकर प्रवेश]

किसन— पृथ्वीनाथ घोड़ा हाज़िर है।

रानी— ठहर। (पुकार कर) दासियो आरती का थाल लाओ।

[दासी आरती का थाल लाती है]

रानी— (थाल का पूजन कर के) जय स्वामी की!

[राजा की आरती उतारती है और तिलक करती है। दासियाँ मंगल गान करती हैं।]

जय जाओ जी महाराज

जय जाओ जी रणबंका दूल्हा जय जाओ महाराज ॥१॥

अमरसिंह

भटनर भट आवें सीसोदी सरदार।
राठौरा भग ऊगावें साहस के भण्डार ॥
पधारो महाराज रण आयो ॥

[नाच का मनियों सहित गाते हुए प्रवेश]

राग—पीलू

रणबंका राठौर दुलार, रणत्यागी न आये हैं री।
कभी न दुख में दीन हुए हैं।
ये रजपूती दूध पिए हैं।
मारू धनी साहू के धन में सब सब जीते पाये हैं री।
रणबंका० ॥

रण-कंकण बांधे हुलसाये।
रण प्रांगण रणमान भाये ॥
मृत्यु-वधू की वरमाला को हँस-हँस कंठ लगाये हैं री।
रणबंका० ॥

जिनकी तेग प्रकट जग माहीं।
जीवन-मरण विषम सम माहीं ॥
मारू मारू की धुन में जिन शीश पराग बिखराए हैं री ॥
रणबंका० ॥

[गाते हुए सभी को शीश-छोड़ का निरख देती है]

अमरसिंह—(गुम्फा का सिर झुकाकर) देवी राजपूतों का अग्नि
समय उनकी महिमाओं की गाथा गा रहे हो

वीराङ्गना माता जब तक है तुम्हें भय नहीं।

तारा— पिताजी मेरे बाणों में खूब तीखी धार है। क्या आपने उसका चमत्कार उस दिन नहीं देखा जिस दिन मैंने उस वन्य पशु को विद्ध किया था?

अमरसिंह— देखा था बेटी मैं आशा करता हूँ इसी भाँति तू अपने शत्रु को भी विद्ध करेगी।

तारा— अवश्य पिताजी देखिए मेरे तीर। (कमर से तरकस खोलकर दिखाती है।)

अमरसिंह— धन्य बेटी धन्य!

[किसन तीर के साथ आता है]

किसन— महाराज!

अमरसिंह— (प्रसन्न होकर पास बुला कर) किसन आज अनहोनी होगी।

किसन— देखा जायगा महाराज।

[रामसिंह आता है]

रामसिंह— काकाजी मैं भी चलूँगा।

अमरसिंह— नहीं राम तुम महल की रक्षा करोगे। शायद अब हम न मिलें तो तुम बुद्धिमानी से रहना जिससे कुल में दाग न लगे।

रामसिंह— महाराज हम अवश्य मिलेंगे। चाहे इस जन्म में यहाँ चाहे उस जन्म में वहाँ। आप निश्चिन्त पधारिये।

अमरसिंह

अमरसिंह—अब चलो किसन।

किसन— चलिए पृथ्वीनाथ।

तारा— ठहरो पिताजी मैं राखी बाँधूगी। (राखी बाँध कर)

पिताजी अब आप अजेय हैं।

अमरसिंह—सच है बेटी, अब मैं चला।

[अमरसिंह मर्मभेदिनी दृष्टि से पुत्री और पत्नी की ओर

देखकर घोड़े को एड़ मारता है। घोड़ा गर्व सहाकर हवा हो जाता

है। पीछे-पीछे किसना नाई भी जाता है।]

वीराङ्गना माता का सन्तान है तुम्हें भय नहीं।

तारा— पिताजी मेरे बाणों में खूब तीखी धार है। क्या आपने उनका चमत्कार उस दिन नहीं देखा जिस दिन मैंने उस वन्य पशु को विद्ध किया था ?

अमरसिंह—देखा था बेटी मैं आशा करता हूँ इसी भाँति तू अपने शत्रु को भी विद्ध करेगी।

तारा— अवश्य पिताजी देखिए मेरे तीर। (कमर से तरकश खोलकर दिखाती है।)

अमरसिंह—धन्य बेटी धन्य !

[किसन वीर के साथ से आता है]

किसन— महाराज !

अमरसिंह—(प्रसन्न होकर पास बुला कर) किसन आज अनहोनी होगा।

किसन— क्या आज्ञा महाराज।

[रामसिंह आता है]

रामसिंह— काकाजी मैं भी चलूँगा।

अमरसिंह—नहीं राम तुम महल की रक्षा करो। शायद अब हम न मिलें तो तुम बुद्धिमानी से काम करना जिससे तुम में दाग न लगे।

रामसिंह— महाराज हम अवश्य मिलेंगे। चाहे इस जन्म में यहीं चाहे उस जन्म में वहाँ। आप निश्चिन्त पधारिये।

अमरसिंह

अमरसिंह—तब चलो किसन।

किसन— चलिए पृथ्वीनाथ।

तारा— ठहरो पिताजी मैं राखी बाँधूगी। (राखी बाँध कर)

पिताजी अब आप अजेय हैं।

अमरसिंह—सच है बेटी अब मैं चला।

[अमरसिंह मर्मभेदिनी दृष्टि से पुत्री और पत्नी को देख चोट सी खा जाता है। घोड़ा गर्द उड़ाकर हवा हो जाता है। पीछे-पीछे किसना भाई भी जाता है।]

अंक दूसरा

पहिला दृश्य

[स्थान—नीमड़ा। समय—प्रातःकाल। रणछोड़ जी का मन्दिर। रानी आरती का थाल सम्मुख धरे गा रही है। तारा हाथ जोड़े सामने बैठी है।]

रानी— (मन्दिर के देवता को लक्ष्य करके) हे प्रभु! दासता के पाप से हमारी आत्माओं को मुक्त कीजिए और क्षत्रियों के लाज की रक्षा कीजिए। हे संसार के स्वामी! यदि क्षत्रिय ही पराई चाकरी करेंगे तो जगत में शौर्य कहाँ रहेगा। आज मेरी कठिन परीक्षा का दिन है। आज स्वामी अपनी क्षमता का प्रमाण दिखाने गये हैं। हे प्रभु! ऐसा न हो कि मैं अभागिन यों ही रह जाऊँ। हे प्रभु! उन्हें बल दीजिये, उन्हें विवेक दीजिये, उन्हें तेज और सामर्थ्य दीजिए। वे विजयी होकर लौटें। या यदि प्रभु की यही इच्छा है तो वीरगति प्राप्त करें। परन्तु अपमान और दासता के बन्धन में बंध कर न लौटें।

तारा— माता! इतनी अधीर होने की आवश्यकता नहीं है। पिताजी के सम्मुख खड़े होने की शक्ति किस योद्धा की है।

रानी— मेरी छाती पर हथौड़े पड़ें तो क्या हो?

तारा— पर बादशाह के इतना क्रुद्ध होने का कारण क्या है?

रानी— बेटी बात कहने योग्य नहीं पर कुसमय जान कहती है। शाहजादा दारा ने तेरे विवाह के लिए संदेशा भेजा था।

तारा— (क्रोध से थर-थर काँपती हुई) और वह सन्देशा कौन लाया था माँ?

रानी— अर्जुन तुम्हारा मामा। बेटी आगे पीछे सदैव उससे सावधान रहना।

[अर्जुन का प्रवेश]

अर्जुन— (हँसकर) आप लोग अभी मेरी बातें कर रही थीं मेरी उमर बड़ी है।

तारा— मामाजी आप कहाँ से आ रहे हैं?

अर्जुन— कुछ न पूछो तारा। शाहजादा दारा ने नाक में दम कर रखा है। वे और किसी पर भरोसा करते नहीं। उनके सब काम मुझे ही करने पड़ते हैं। शाम का गया सुबह का यहीं। देखो अभी भी मैं वहीं से आ रहा हूँ। (हँसता है)

रानी— भाई महाराज आज किले में गये हैं। सुना है बादशाह उनसे कुछ नाराज हैं।

अर्जुन— सब ठीक हो जायगा बाई जी आप कुछ भी चिन्ता न करें। यह आपका भाई अर्जुन सब ठीक कर गया। (हँसता हुआ) अब तो तारा स्यानी हो गई है अपना लाभ-हानि सोच सकती है। यदि यह हिन्दुस्तान की मलिका हो सके —

रानी— यह तुम क्या कह रहे हो !

अर्जुन— यही कि शाहजादा दारा

रानी— क्या चाहते हैं शाहजादा दारा ?

अर्जुन— वह तारा को मलिका बनाने को राजी हैं।

तारा— (गर्व से) मैं शाहजादे का मुँह इन चूड़ियों से कुचल दूँगी।

अर्जुन— यह बेसमझी की बातें हैं बहिन आप तारा को समझाइए।

रानी— बेटी शान्त हो। (अर्जुन से) भाई तुम क्षत्रियों की सभी बातें भूल गये। परन्तु शिष्टाचार भी नहीं जानते !

अर्जुन— भाई मैं आप लोगों का शुभ

रानी— तो अपनी यह शुभकामना अपने ही पास रखो भाई और कृपा कर तुम अभी चले जाओ। महाराज किले में गए हैं और हम प्रतिक्षण आपदा के द्वार पर हैं। अभी हमें विवाद के लिये अवकाश नहीं।

तारा— (क्रोध से) जाओ अभी चले जाओ।

अर्जुन— जाता हूँ परन्तु याद रखो तुम्हें मेरी शरण आना होगा।

[जाता है]

रानी— बेटी ऐसा प्रतीत होता है बादशाह से गहरी ठनगी।

अमरसिंह— बेटी, पराई सेवा करने से जो विपत्ति आती है वह आना ही चाहती है।

तारा— माताजी चिन्ता क्या है। राजपूत की कन्या या मिट्टी की बनी हुई नहीं होती। समय पर कर्तव्य अपना जौहर दिखा देगी।

रानी— बेटी, समय रहते यदि कुमार आ जाय तो ही अच्छा कौन जाने कल क्या हो। बेटी तुम उन्हें एक पत्र लिख दो। महाराज भी यही सलाह कर रहे हैं।

तारा— (लजाकर) माताजी (पैर के नाखून से जमीन कुरेदती है)

रानी— बेटी राजपूत की बेटी को साधारण स्त्रियों से अधिक साहसी होना चाहिये। एक पत्र लिखो बेटी। मैंने पुरोहित जी को बुला भेजा है वे आते ही होंगे।

तारा— जैसी आपकी आज्ञा। (जाती है।)

[दासी आती है]

दासी— अन्नदाता पुरोहितजी आये हैं।

रानी— उन्हें अभी ले आ। (दासी जाती है। पुरोहित आते हैं आशीर्वाद देते हैं)

पुरोहित— महारानी को क्या आज्ञा है?

रानी— आपको अभी-अभी यहां से उदयपुर जाना होगा और यह पत्र महाराणा को देना होगा। (एक पत्र और मुद्रा की थैली देकर) काम बहुत सावधानी से करना होगा।

पुरोहित— आप निश्चिन्त रहें रानीजी और कुछ सन्देश भी है।

[तारा की सखी आती है]

सखी— महारानीजी यह पत्र राजकुमारी ने दिया है।

रानी— (पत्र लेकर) यह पत्र कुमार राजसिंह को देना होगा।

[पुरोहित पत्रों को तथा थैली को पास में रखता है।]

पुरोहित— कुछ जबानी भी कहना होगा रानीजी!

रानी— यही कि पल-पल पर—क्षण-क्षण पर विपत्ति की आशंका है। एक क्षण के विलम्ब से भी न जाने क्या हो जाय।

[पुरोहित जाता है। रानी एक ओर जाती है।]

दूसरा दृश्य

[स्थान—अर्जुन गौड़ का घर। अर्जुन बड़बड़ाता हुआ आता है। समय—अपराह्न]

अर्जुन— (स्वगत) सब झगड़े-झंझट मेरे सिर! बड़ा आदमी होना भी एक आफत है। सलावतखाँ कहते हैं यह काम अर्जुन कर सकते हैं। शाहजादा भी कहते हैं यह काम अर्जुन कर सकते हैं। सारा जगत् में अर्जुन ही अर्जुन है। और कोई नहीं है। अब कहिए अकेला अर्जुन क्या-क्या करे? (हँस कर) यह अच्छी रही? किन्तु मैं भी एक कौआ हूँ मुझे अपने मतलब से मतलब। तारा को शाही दरबार में भेज दूँगा तो पाँच हजारी जात का मनसब तो मिला ही रक्खा है। परन्तु

बहिन भी मुझे तेज से छोड़कर देखती है और यह छोकरी तो सर्पिणी की भाँति फुफकार मारती है। जीजाजी के सामने यह प्रश्न रखना काम की उसी को मन में डालना है। तब क्या किया जाय? बस एक ही उपाय है—सिर्फ एक ही। (सोचता हुआ घूमता है)

एक नौकर—महाराज !

अर्जुन— (चौंक कर) महाराज क्या—मेरा सिर? मूर्ख! देखता नहीं हम सोच रहे हैं! बीच में बोल उठा—महाराज? क्या कहता है बोल!

नौकर— हजूर रानी साहिबा आपको याद करती हैं।

अर्जुन— कह दे आते हैं। अभी हम कुछ सोच रहे हैं। बहुत जरूरी मसला है।

नौकर— (हाथ जोड़कर) हजूर रानी साहिबा !

अर्जुन— अबे, रानी साहिबा के बच्चे (मारने दौड़ता है नौकर भाग जाता है) रानी ने विचार में ही विघ्न उत्पन्न कर दिया। (रानी आती है) अब क्या किया जाए। हाँ तो रानाजी भी एक मुसीबत हैं। उन्हें इस बात का कुछ ज्ञान नहीं होता कि कोई कुछ सोच रहा होगा। (रानी को देखकर) ओ हो! बड़ा अच्छा हुआ! इस समय मैं अपने आप तुम्हारी बात सोच रहा हूँ।

रानी— मैं भी तो सुनूँ आपकी जरूरी बात!

अब इस प्रभात पथ को जाने दीजिए। इस वृक्ष की छाया में यहीं विश्राम कीजिए। सूर्य का तेज कुछ कम होगा तो फिर शूकर ढूँढ लिया जाएगा।

राजसिंह— रिपुमर्दन देखा तो तुम वह शूकर गया किधर ?

रिपुमर्दन— अन्नदाता घोड़े थक गए हैं और धूप तेज है। थोड़ा विश्राम कर लीजिए।

राजसिंह— विश्राम नहीं। वह बर्छे का घाव खा कर भागा है मैं उसे बिना मारे विश्राम नहीं करूँगा। (आगे घोड़ा बढ़ाता है।)

रिपुमर्दन— (घोड़ा बढ़ा कर) जय अहेरिय कुमार मैं मार्ग को देख लूँ। अब घोड़ा आगे कहीं जाय मार्ग तो है ही नहीं।

(एकाएक शूकर झाड़ी से निकल कर भागता है।)

राजसिंह— (चिल्लाकर) वह रहा। बर्छी फेंक कर मारता है।

रिपुमर्दन— पशु बर्छी खा कर भाग जाता है।

राजसिंह— (घोड़े से उतर कर) अब यह दूर नहीं जा सकेगा।

रिपुमर्दन— (घोड़े से उतर कर)हाँ महाराज वह यहीं कहीं झाड़ी में घुस जाएगा। (दोनों आगे बढ़ते हैं)

[एक भिल्ल बालिका भाला उठाए कर उसी से शूकर को मारती हुई आती है।]

राजसिंह— (आश्चर्य से) कौन है यह वीर बाला ?

भिल्ल बाला—यह तुम्हारा शिकार।

राजसिंह—(सूअर को मारकर) यहाँ और भी कोई सूअर है?

बालिका—बहुत हैं पहाड़ के उस पार चलो।

राजसिंह—(हँसकर रिपुमर्दन से) क्या कहते हो? इस छोकरी के साथ उस पार जाना स्वीकार करते हो?

बालिका—क्या तुम भय करते हो?

राजसिंह—(हँस कर) निस्सन्देह हम डरते हैं।

बालिका—तब ठहरो मैं वहीं लिये आती हूँ।

[बालिका एक ओर को भाग जाती है।]

राजसिंह—रिपुमर्दन यह इस वन्य भूमि का प्रताप है। यह वीर बालिका अभी से भय को नहीं जानती। कोई भिल्ल-कुमारी प्रतीत होती है।

रिपुमर्दन—कुमार की जय हो। भिल्ल-कन्याएं क्या रनवास में नहीं रह सकतीं? कुमार की इच्छा यदि इस जंगली चिड़िया को पालने की हो तो इसे ले चलूँ।

राजसिंह—(हँस कर) सच्ची बात है। देखो वह एक सूअर का बच्चे ला रही है।

बाला—(आकर सूअर को गड्ढे में मारती हुई चिल्लाकर) मारो मारो।

[पशु एक सिपाही के पीछे को जोर से लिपटा देता है। सिपाही गिर जाता है। सब हट-हट करते हैं। बालिका ताली बजाकर हँसती है।]

रिपुमर्दन— (लड़की से) क्यों री चित्तौड़ चलेगी ?

कालिका— क्यों ?

रिपुमर्दन— राजमहल में रहने को।

कालिका— क्यों ?

[रिपुमर्दन अपना घोड़ा बढ़ाकर कालिका को भयभीत करने की चेष्टा करता है। कालिका उठकर दो-तीन सपाटे चाबुक से मारकर घोड़े को व्याकुल कर देती है। घोड़ा भाग जाता है। कालिका हँसती है।]

राजसिंह— वाह-वाह ! (आगे बढ़ कर मोतियों की माला दिखा कर) लड़की यह लेगी ?

कालिका— (कौतूहल से देख कर) मुझे ?

राजसिंह— (उसके गले में डाल कर) कैसा है !

कालिका— (हँसती हुई अपनी घुँघचियों की माला दिखा कर) यह अच्छी है।

राजसिंह— तेरा घर कहाँ है ?

लड़की— तुम हमारे घर चलोगे ?

राजसिंह— कहाँ ?

लड़की— वही सामने।

राजसिंह— चलूँगा। घोड़े पर बैठेगी ?

लड़की— (उत्सुकता से) बैठूँगी।

[राजसिंह उसे उठा कर घोड़े पर बैठा लेते हैं। सब हँसते चले जाते हैं।]

[भील का प्रवेश]

भील— नीमू, यह क्या मामला है ?

नीमू— मैं घोड़े पर सवार हूँ। तुम भी चढ़ाओ बापू ?

रिपुमर्दन—(पास आ कर) क्या यह तुम्हारी पुत्री है ?

भील— जी हाँ !

रिपुमर्दन—ये महाराजकुमार राजसिंह हैं। मुजरा करो

भील— राजकुमार जुहार (लड़की से) बापूड़ी उतर। राजा के घोड़े पर बैठ गई।

नीमू— (राजसिंह से हँसकर) बापू कहता है उतर।

राजसिंह— नहीं नीमू बैठी रह। (भील से) तुम्हारा नाम क्या है ?

भील— महाराज मेरा नाम सुक्खा भील है। (सामने झोपड़ा दिखाकर) यही दास का घर है। पधार कर पवित्र कीजिये।

[पुरोहित का आगे भागते प्रवेश]

पुरोहित— (भय से पीला पड़ता और कांपता हुआ) रक्षा करो रक्षा करो।

राजसिंह— [तलवार नंगी करके] निर्भय हो ब्राह्मण, क्या भय है ?

पुरोहित— पधारो महाराज मुझे भीलों ने पकड़ लिया।

राजसिंह— [क्रोध से मुक्खा से] यह क्या सुनता हूँ।

भील— कुमार, हमने इस ब्राह्मण को जासूस समझा था। यह आगरे से आया है।

राजसिंह— आप कौन हैं ? कहाँ से आये हैं कहाँ जायेंगे ?

पुरोहित— क्या मैं महाराज कुमार राजसिंह जी के दर्शन कर रहा हूँ ?

राजसिंह— देवता मैं राजसिंह हूँ। जो कहना हो निर्भय कहो।

पुरोहित— महाराज कुमार की जय हो। मैं आमेर से आया हूँ महाराज अमरसिंह पर कठिन समय आया है। आप राजपरिवार की सहायता कीजिए। ये पत्र है।

राजसिंह— (पत्र पढ़कर साथियों से) ठाकुरों युद्ध करने का समय उपस्थित है।

सब लोग—(तलवारें चूमकर) कुमार की जय हो। आज्ञा हो !

राजसिंह— इसी क्षण हम आगरे जाना होगा।

सब लोग—हम प्रस्तुत हैं अन्नदाता !

राजसिंह— वीरवर अमरसिंह की बादशाह से ठन गई है। वे वहाँ असहाय हैं। हमें तत्क्षण पहुँचना चाहिए।

सब लोग—चलिए महाराज !

भीम— महाराज मैं भी हाजिर हूँ।

राजसिंह— अभी मुझे तुम्हारी आवश्यकता नहीं। तुम केवल यह सन्देश राजमहलों में पहुँचा देना। (पत्र लिखकर देता है)

भीम— (पत्र लेकर) जो आज्ञा सरकार !

राजसिंह— (सखियों से) मीनू मैं जाता हूँ।

मीनू— क्यों राणा तुमने कहा ना था कि हमारे घर चलोगे। यह आँगन ही तो हमारा घर है।

राजसिंह— (मुस्करा कर) मौलू, मैं फिर आऊंगा।

[घोड़े पर सवार होकर तीव्रता से आगरे की दिशा को प्रस्थान]

चौथा दृश्य

[स्थान—आगरे का किला दीवान खास। समय—प्रातः की बेला बादशाह तख्त पर बैठे हैं। दीवान अमीर उमराव दरबारी वस्त्र में खड़े हैं। नौबतें बज रही हैं जगह-जगह सशस्त्र चोबदार खड़े हैं। बादशाह तख्त पर विराजमान हैं। अमरसिंह का प्रवेश दरबार में सनसनी फैल जाती है। वे गम्भीरता से बढ़कर बादशाह को बिना कोर्निश किये अपनी जगह पर आ खड़े होते हैं।]

बादशाह— (कुछ देर तिरछी नजर से अमरसिंह को देखकर) हम नागौर के राजा अमरसिंह से यह जवाब तलब किया चाहते हैं कि उसने किसलिए शाही नौकरी और हुक्म से इन्कार किया और दरबार में आकर मुजरा नहीं बजाया?

अमरसिंह—जहाँपनाह, अमरसिंह सल्तनत के लिए अपना मान मत तलवार चलाने से नहीं चूकता, पर ड्योढ़ी की नौकरी का भार दुस्सह है।

बादशाह— हमने हुक्म जारी किए थे?

अमरसिंह—मैं जहाँपनाह से अर्ज कर चुका था कि हुक्म सोच-समझ कर दिये जांय और यह मन्जूर किया जाय।

बादशाह— क्या और राजा लोग यह चाकरी नहीं बजाते ?

अमरसिंह—जहाँपनाह, उन्होंने अपनी गैरत बेच खाई है। वे राजपूत-कुलकलंक हैं। राठौर कभी यह अपमान नहीं सह सकते।

सलाबतखाँ—(बादशाह से) खुदावन्द बीकानेर के राजा कर्णसिंह ने शाही हुजूर में अर्जी दी थी कि राजा अमरसिंह ने बिना वजह मामूली-सी बात पर उनसे रार ठानी है।

बादशाह— वह मामूली वजह क्या है ?

सलाबत— जहाँपनाह, एक मतीरे की बेल झगड़े की जड़ है। कहते हैं कि उसकी जड़ नागौर की धरती में उगी थी मगर फल बीकानेर की धरती में लगा था। उस फल का मालिक कौन हो यही झगड़े की बात है। दो राजाओं के बीच इस महज मामूली बात पर झगड़ा होना मुनासिब नहीं जहाँपनाह !

बादशाह— (अमरसिंह से) क्या यह सच है ?

अमरसिंह—सच है जहाँपनाह !

सलाबत— जहाँपनाह, शाही हुक्म दिया गया था कि दोनों फरीक अपनी-अपनी फौजें वहाँ से हटा लें।

बादशाह— क्या उस हुक्म की तामील हो गई ?

सलाबत— जी हुजूर, अमीन वहाँ भेज दिया गया है और राजा कर्णसिंह ने अपनी फौजें वापिस बुला ली हैं। मगर राजा अमरसिंह शाही हुक्म से इन्कार करते हैं।

बादशाह— राजा अमरसिंह का क्या जवाब है ?

अमरसिंह—जहाँपनाह को मेरे इस घरेलू मामले में दखल देने की आवश्यकता नहीं है ।

बादशाह— (क्रोध से) हमारा हुक्म है कि आप अपनी फौज फौरन वापिस बुला लें ।

अमरसिंह—(दृढ़ता से) मैं चाहता हूँ कि जहाँपनाह अपना अमीन वापिस बुला लें वरना उसकी जान की सलामती का मैं जिम्मेदार नहीं ।

बादशाह— (गुस्से से लाल होकर) बख्शी सलाबतखाँ राजा अमरसिंह को शाही हुक्म सुना दिया जाय ।

सलाबत— (कोर्निश करके) राजा साहब आपने शाही हुक्म मानने में गफलत की है । इसलिए आप पर सात लाख रुपये जुर्माना किया जाता है ।

अमरसिंह—मैं यह जहाँपनाह के मुँह से सुनना चाहता हूँ ?

बादशाह— (क्रोध से) हमारी यही मर्जी है ।

अमरसिंह—(हँसकर) बहुत अच्छा जहाँपनाह यह जुर्माना कौन वसूल करेगा ?

सलाबत— अगर बादशाह सलामत हुक्म देंगे तो मैं यह शाही हुक्म बजा लाऊँगा ।

बादशाह— सलाबतखाँ को हुक्म दिया जाता है कि वह राजा अमरसिंह से जुर्माना वसूल करलें ।

सलाबत— (तैश से) राजा अमरसिंह आप राजी से जुर्माना अदा करेंगे या आपके मकान पर कुर्की लाई जाय ?

अमरसिंह— खाँ साहेब, महल तक जाने की क्या जरूरत है जुर्माना अमरसिंह के साथ है। जिसको भी ने धोखा खाया हो अभी वसूल कर ले। (कटार खींचकर) परन्तु इस अतीस साहे को धार पर रखकर जुर्माना अदा किया जायगा।

[सारे दरबार में सनसनी मच जाती है]

सलाबत— राजा अमरसिंह जुर्माना अदा करदो और दरबार के अदब का ख्याल रखो।

अमरसिंह—(आग आँखें करके) ले जुर्माना

सलाबत— मूल गँवा

[अमरसिंह का चीते की भाँति उछल कर कटार सलाबत की छाती में घुस देना। सलाबत का चीत्कार मार कर गिरना। दरबार में भगदड़।]

अमरसिंह—(बादशाह से) जहाँपनाह जुर्माने के रुपयों का बोझ जरा भारी था मिर्जाजी संभाल न सके। लीजिये आप खुद संभालिए। (जोर से कटार मारता है। वह खम्भे से टकरा कर एक बालिश्त पत्थर काट देती है। बादशाह भाग कर खिड़की की राह महल में चले जाते हैं और 'मार डालो' या 'पकड़ लो' का हुक्म देते जाते हैं।)

अमरसिंह—(खूब जोर से) यह राठौर अमरसिंह पाव गेर सोदा

हाथ में लिये निर्भय खड़ा है। मुगलों से कहता है जो कोई भाई का लाल जन्मा हो वह जुर्माना वसूल कर ले। (चारों ओर से हथियारबन्द सैनिक आकर अमरसिंह को घेर लेते हैं। किसन भाई अमरसिंह का साथ देकर जबरदस्ती बीच में घुस जाता है और सिपाही अमरसिंह के हाथ में पकड़ा देता है।)

किसन— महाराज की जय हो! सेवक के रहते श्रीमान् को इन तुच्छ सिपाहियों से लोहा लेने की आवश्यकता नहीं। किले के सब द्वार बन्द हैं। श्रीमान् पश्चिम की फसील पर चढ़ जाँय, मैं शत्रुओं को रोकता हूँ। (एक मुगल को अकेला हाथ मारता है।)

अमरसिंह—(एक ही वार में एक का सिर और दूसरे का धड़ उड़ाकर) और अब यहीं जूझ मरना ठीक है।

किसन— नहीं पृथ्वीनाथ, पानी भी वहाँ निरापद है। (पीछे हाथ बढ़ाकर दो सैनिकों को मारता है।)

अमरसिंह—(तलवार घुमाते हुए) क्या तुम्हें यहीं छोड़कर?

किसन— (तलवार घुमाते हुए) महाराज समय पर इसी भाँति सेवक काम आया करते हैं। यह मैं सदा चाहता रहा। समय नहीं है, महाराज!

अमरसिंह—(घोड़े को एड़ मारकर) किसन प्यारे विदा। ईश्वर अब हम दूसरी दुनिया में मिलेंगे।

किसन— (तलवार चलाते-चलाते) पृथ्वीनाथ, क्षमा महाराजजी और

राजकुमारी का प्रबन्ध करना है। आप महलों में पधारिये। जुहार महाराज!

[अमरसिंह बुर्ज पर चढ़ जाते हैं। किसन सिपाहियों को रोकता हुआ मारा जाता है और बुर्ज पर घोड़े समेत अमरसिंह को देखकर तलवार उठाकर प्रणाम करता है। तथा मूर्छित होकर गिर पड़ता है। सिपाही अमरसिंह पर टूटते हैं।]

अमरसिंह—(घोड़े को थपकी मारकर) आज बहादुर किसन ने खूब स्वामीभक्ति निबाही। आज रखना राजपूती शान को।

[दबाकर एड़ देते हैं घोड़ा सिंह की भाँति गर्ज कर उछाल भरता है और बुर्जी पर से कूद पड़ता है।]

पाँचवाँ दृश्य

[स्थान—शीशमहल महल का अन्तःपुर। महारानी मन्दिर के आंगन में एक चौकी के ऊपर लाल वस्त्र धारण किये बैठी हैं। सब दासियाँ यथास्थान खड़ी हैं। तारा एक झरोखे से राजपथ को देख रही है।]

रानी— बेटी क्या महाराज के आगमन का कुछ लक्षण दीखता है? उनके घोड़े की उड़ती हुई गर्द चार कोस से दीखती है। क्यों क्या तुम्हें कुछ आभास मिलता है।

तारा— नहीं माँ पिताजी नहीं दीख रहे!

रानी— मेरी दोनों भुजा फड़क रही हैं। दोनों भुजा, यह दो

भीलि का अशुभ शकुन कैसा ? (पुकार कर) दासी !

दासी— (विनीत भाव से सम्मुख आकर) महारानी की जय हो क्या आज्ञा है ?

रानी— कुँवर रामसिंह को यहीं बुला लाओ। देखो वे सिंह द्वार पर सेनानायक से बातें कर रहे हैं।

दासी— जो आज्ञा। (प्रस्थान)

रानी— (दूसरी दासी से) दासी !

दासी— (उपस्थित होकर हाथ जोड़कर) क्या आज्ञा है महारानी ?

रानी— जाकर भण्डार से मालती को बुला लाओ।

दासी— जो आज्ञा। [प्रस्थान]

रानी— (तीसरी दासी से) दासी।

दासी— (आगे बढ़कर हाथ जोड़कर) जयमाला को क्या आज्ञा है ?

रानी— तुम ठाकुर विक्रमसिंह को दक्षिण द्वार पर से बुला लाओ।

दासी— जो आज्ञा।

रानी— (तारा से) पुत्री क्या शिवालय की चोटी पर से भी महाराज के घोड़े की टापों से उड़ी धूल नहीं दीख पड़ती ?

तारा— नहीं माँ नहीं दीख पड़ती।

[रामसिंह का तलवार हाथ में लिए प्रवेश]

रामसिंह— क्या आज्ञा है माताजी ?

रानी— महाराज अभी नहीं पधारे ?

रामसिंह— नहीं काकीजी ।

रानी— किले में कुछ अनहोनी हुई है । वहाँ के समाचार जानने का क्या उपाय है ? क्या गुप्तचर गया है ?

रामसिंह— गया है काकीजी !

रानी— (कुमो से) तारा बेटी क्या कुछ दीखता है ?

तारा— नहीं माँ कुछ भी नहीं ।

रानी— पुत्र ?

रामसिंह— काकीजी ?

रानी— एक चर और भेजो ।

रामसिंह— जो आज्ञा ।

[दासी का प्रवेश]

दासी— कुमार चर आया है ।

रानी— उसे यहीं भेज दे ।

[दासी का प्रस्थान । चर आता है]

चर— महाराज किले में भीतर कुछ अनहोनी घटना घटी है ।

रानी— तुम भीतर नहीं जा सके ?

चर— नहीं माँ, किले के सब द्वार बन्द हैं । भीतर युद्ध हो रहा है ।

रामसिंह— किसमें युद्ध हो रहा है कुछ अनुमान हुआ ?

चर— नहीं कुमार भीतर का कोई समाचार जानना असम्भव है ।

रानी— तुम फिर जाकर समाचार लाओ ।

चर— जो आज्ञा माता। [प्रस्थान]

रानी— पुत्र।

रामसिंह— काकीजी।

रानी— महाराज जूझ गये।

रामसिंह— काकीजी अभी कुछ निश्चय नहीं कहा जा सकता।

रानी— ड्योढ़ियों पर कुल कितने योद्धा हैं?

रामसिंह— कुल दो सौ हैं।

रानी— उनका सरदार कौन है?

रामसिंह— यह सेवक है।

रानी— तुम सावधान रहना कुल में दाग न लगने पावे।

रामसिंह— काकी क्या मैं किले न जाऊँ?

रानी— हमें प्रतीक्षा करनी चाहिये सनिक धीरज धरो। द्वार रक्षा का ठीक प्रबन्ध करो जाओ। किन्तु ठहरो—कछु सैनिक बाग में लगादो।

[रामसिंह का प्रस्थान]

[मालती का प्रवेश]

मालती— क्या आज्ञा है माता!

रानी— (खड़ी होकर) मालती क्या सब प्रबन्ध ठीक है?

मालती— (आँखों में आँसू भरकर) हाँ मा, अन्तरपुर के निकट ही सम्पूर्ण तीस असमतौल पत्थरों एकत्र कर दिए गए हैं। बीच कमरे में बारूद बिछी है ऊपर महारानी का पलंग है।

रानी— (पति पर अपने मोतियों के दाने न्यौछावर करके) महाराज की जय हो। अभी आप यहीं ठहरिये। (पुकार कर दासियों से) अरी, आरती का थाल लाओ।

अमरसिंह—(कटार रानी के सामने रख कर) प्रिये तुम्हारी यह कटार अपनी करनी कर गुजरी। तमाम हिन्दुस्तान के प्रतापी बादशाह के सामने जिसके तेज से बड़े बड़े छत्रधारियों के दम भग होते हैं जिसकी मुगल सेना के पराक्रम से बड़े-बड़े राज्य ध्वंस हो गये उसी बादशाह शाहजहाँ की आँखों के आगे बख्शी सलाबतखाँ के कलेजे का लोहू इस प्यारी कटार ने तृप्त होकर पिया। वहाँ दरबार में उसकी लाश पड़ी है। अब मैं हूँ और बादशाह। मैं निकट हूँ गा- आगरे की जड़ हिला डालूँगा।

[दासियों का आरती का थाल लिये प्रवेश रानी वन्दन करके आरती उतारती है।]

चारण— घणी खम्मा अन्नदाता! जय पृथ्वीनाथ महाराज! अमर आसा रखा महाराज।

म ठाकर पन आपणों देखा राजपूताह।
मद मस्ती पग पावड़े मल्लावित गीयोर।
धीय नमाड़े दुगणों करणों मान, सिरोह।
परगणता धरा धणियो मोटो ऊमर मोह।

हाथ गुणन्ता मंगली मूँछें भौंह चढ़न्त।
बैयरी ही पहचाणियाँ बैयरी मरणाँ पन्थ।
अमल कसोसी ऊमगे होदाँ के सर रंग।
पीथल के घर ओळमा सीस न सीजे संग।
बिन मापे पाड़े हस्ती पोड़े गरज उतार।
तिण सूरांगे नाम से भड़ यों ही भटकार।

[सोरठ सुनाता है]

हीमत कीमत होय हीमत बिन कीमत नहीं।
करें न आदर कोय रद्द कागद ज्यूँ राजिया।
नरां भगत परमाण जो लगी संके अगन।
आगन तप्यो न भोग रावण मरता राजिया।
सूरा सोहि पिछाणिये लरे धरम के हेत।
पुरजा-पुरजा कट पड़े कबहुँ न छोड़े खेत।
सब जग रिपु हों, एक हों, तुम ही सब असहाय।
तेगो वाका सिंह का गमन है नहि भाय।

[राजदेव आकर अमरसिंह के पाओं का उपचार करता है।]

अमरसिंह—द्वारपाल वीरजसिंह को बुलाओ।

[सेवक जाता है]

[वीरजसिंह का प्रवेश]

वीरजसिंह—जय पृथ्वीनाथ सेवक उपस्थित है।

अमरसिंह—रामनाथजी अभी बादशाहजी को शाहिस्पुर गाँव का पट्टा कर दो और सिरो पाव देकर बिदा

है और फौजदार पर हुक्म भेज चुका है।

[रामसिंह का नङ्गी तलवार लिये प्रवेश]

रामसिंह— महाराज शाही फौज ने महल का घेरा छोड़ दिया यह हट रही है।

अमरसिंह—तुम भी सुन लो रामसिंह ये अर्जुन गौड़ कहते हैं कि बादशाह सुलह करने को तैयार है।

रामसिंह— पहले वह अपने अपराध की क्षमा माँगें।

अर्जुन— बादशाह के हम लोग चाकर हैं और गाढ़े समय में उसने हमें आश्रय दिया था। फिर यहाँ उसका बल बहुत है और हम अल्प हैं। सब बातों पर विचार करके ही हमें निर्णय करना चाहिये।

रामसिंह— (तलवार दिखाते हुए) यह तलवार जब तक हमारी सहायक है हमें और किसी सहायक की आवश्यकता नहीं है।

अर्जुन— भाई, अवसर देखकर ही काम करना बुद्धिमानी है।

अमरसिंह—मैं बादशाह को भी समाबतखाँ के घाट उतारूँ तो ही मेरा नाम अमरसिंह।

अर्जुन— आप क्रोध का त्याग दें और बादशाह के पास चल चलें तथा जिस भाँति दस्तूर है दरबार के नियम का पालन करें।

अमरसिंह—इस बात का क्या परिणाम है कि बादशाह दगा न करेगा ?

अर्जुन— मैं जामिन हूँ।

रामसिंह— हम बादशाह पर अब विश्वास नहीं कर सकते।

[अमरसिंह चिन्ता करता है]

अर्जुन— भाई आप सोचकर देखिये, जब झगड़ा मिट रहा है तब रार मोल लेना बुद्धिमानी नहीं।

अमरसिंह—अगर बादशाह दगा करें तो ?

अर्जुन— तब हम मर-मिटेंगे और यह तलवार असावेंग जिसका नाम ! (तलवार नंगी करता है)

अमरसिंह—अच्छी बात है मुझे स्वीकार है।

रामसिंह— पर मेरा चित्त कैसा हो रहा है ?

रानी— मैं न जाने दूँगी। यह देखो मेरी दाहिनी भुजा फड़क रही है।

अर्जुन— जब इतना बड़ा बादशाह झुक गया तब मुगह का विरोध करना बुद्धिमानी की बात नहीं।

रानी— किन्तु किले में दगा हुई तो ? बादशाह ने गड़बड़ की तो क्या होगा ?

अमरसिंह—मेरी यह तलवार तो है।

अर्जुन— महाराज यदि युद्ध हुआ तो हम मुगल सल्तनत को उलट देंगे।

रामसिंह— तब मैं भी चलूँगा महाराज।

अमरसिंह—नहीं पुत्र, तुम महलों की रक्षा पर रहो।

रानी— स्वामिन् क्षमा आप ने आने का इरादा पक्का कर लिया ?

अमरसिंह—प्रिय चिन्ता की कोई बात नहीं।

रानी— (अर्जुन से) भाई मुझे, वचन दो कि तुम महाराज को सही-सलामत यहां पहुँचा दोगे।

अर्जुन— मैं वचन देता हूँ बाई !

रानी— शपथ लो तलवार छुआ !

अर्जुन— मैं तलवार छू कर शपथ लेता हूँ कि यदि महाराज को चार घड़ी में न ला आऊँ तो क्षत्रिय पुत्र नहीं।

रानी— (आंखों में आँसू भरकर) अच्छा हाथ दो भाई।

अर्जुन— (हाथ पर हाथ मार कर) लो हाथ दिया। इन्हें चार घड़ी में यहीं ला हाज़िर करूँगा।

रानी— (रोकर) हाय मुझे सब्र नहीं आता।

अर्जुन— (हंसकर) बहिन तुम मुझे गैर न समझतीं तो मेरा इतना अविश्वास न करतीं।

अमरसिंह—रानी अर्जुन हमारा सम्बन्धी है यह भी क्षत्रिय है।

रानी— हाय नाथ कैसे मन को समझाऊँ ?

अमरसिंह—चलो अर्जुन मैं तैयार हूँ। (पुकार कर) कोई है ? मेरा घोड़ा लाओ।

रामसिंह— बाबाजी मुझे भी साथ ले चलिये।

अमरसिंह—नहीं बेटा तुम महलों की रक्षा करना। मैं शीघ्र ही आऊँगा। (चला जाता है।)

अमरसिंह—(उठकर खड़ा होता है) चलो अर्जुन !

अर्जुन— (घोड़े पर चढ़ता है) चलिए महाराज !

रानी— (दौड़कर अर्जुन का हाथ पकड़ लेती है) अर्जुन मेरा यह सुहाग यह सिंदूर तेरे हाथ में है।

अर्जुन— (हँसकर) चिन्ता न करो बहिन मैं महाराज को अभी वापस लाता हूँ।

रानी— (रोती हुई) स्वामिन् मत जाओ। (घोड़े के पीछे चलती हुई गिर पड़ती है। अमरसिंह और अर्जुन दोनों चले जाते हैं।)

सातवाँ दृश्य

[स्थान-किला आगरा। समय-तीसरा पहर। बादशाह दीवान खास में बैठे हैं। सब झुके हुए उमरा हाजिर हैं।]

बादशाह— (एक ख्वाजासरा से) हम सब कुछ तफसील से सुना चाहते हैं।

ख्वाजासरा—हुजूर गुलाम ने आँखों देखा बयान किया है।

बादशाह— क्या अमरसिंह गली-गली ड्योढ़ियों तक आया था।

ख्वाजासरा—जी हुजूर, अर्जुन उस दरबार में आपकी निशान का यकीन करा कर कौन हार कर जिस में ले आया था।

बादशाह— फिर क्या हुआ ?

ख्वाजासरा—उसने खिड़की की राह ज्यों ही झुक कर भीतर कदम रखा कि अर्जुन ने पीछे से झट से तलवार से उसका सिर उड़ा दिया।

बादशाह— दगाबाज !

ख्वाजासरा—मगर बहादुर राठौर ने फुर्ती से कटार फेंक मारी और अर्जुन की नाक काट डाली।

बादशाह— बेईमानी नमक हरामी कमीने की सजा।

ख्वाजासरा—अलबत्ता वह अपनी वफादारी का इनाम हासिल करने हुजूर की कदमबोसी हासिल किया चाहता है।

बादशाह— उस दोजखी कुत्ते को हाजिर करो।

[ख्वाजासरा जाता है]

[अर्जुन का मुँह से पट्टी बाँधे हाथ में अमरसिंह का सिर लिये प्रवेश।]

अर्जुन— (*सिर पेश करके*) जहाँपनाह यह बागी अमरसिंह का सिर हाजिर है।

बादशाह— (सिर देखकर शोकभरे स्वर में) अफसोस एक बहादुर जवाँमर्द का इस तरह खात्मा हो गया।

अर्जुन— हुजूर इस सेवक को इस मुहिम में बड़ी बहादुरी खर्च करनी पड़ी।

बादशाह— (व्यंग्य से) हम तुम्हारी बहादुरी का पूरा हाल सुनना चाहते हैं।

अर्जुन— जहाँपनाह मुझे जो-जो जौहर दिखाने पड़े, वह तो बयान से बाहर हैं। इस सेवक को इस बागी को मारने के लिए जबरदस्त लड़ाई लड़नी पड़ी। कहाँ तक कहूँ बड़े कष्ट उठाने पड़े और जान की जोखिम भी उठानी पड़ी।

बादशाह— (क्रोध रोककर) शायद सबसे गहरा घाव तुम्हारी नाक में आया है और नाक कट गई है।

अर्जुन— जहाँपनाह छीना झपटी में न जाने किसका खंजर लग गया और नाक कट गई।

बादशाह— अमरसिंह की लाश कहाँ है।

अर्जुन— वह खिड़की में रखी है।

बादशाह— (क्रोध से) और अब तुम इनाम का ख्याल ले आये हो ?

अर्जुन— जी हाँ हुजूर, बन्दे को बारह सौ गाँवों का पट्टा और अमरसिंह का रुतबा इनायत हो।

बादशाह— इतमीनान रखो। तुम्हारी काबिलियत और खिदमत की कद्र की जायगी। (एक मुसाहिब से) इस बदनसीब दोजखी कुत्ते से कहो कि सच-सच सारा मामला हमारे हुजूर में बयान करे। इसने किस तरह अपने सगे रिश्तेदार अमरसिंह को धोखा दिया सब सच बयान करे। अगर झूठ बोलेगा तो जिन्दा जमींदोज कर दिया जायगा और लाश कुत्तों से नुचवाई जायगी।

अर्जुन— जहाँपनाह गुलाम की जाँ बख्शी हो। मगर इनामी के ख्याल से मैंने यह काम किया।

बादशाह— तूने अमरसिंह को धोखा नहीं दिया ?

अर्जुन— गुलाम ने ऐसा ही किया।

मुसाहिब— तुम उसे माफी दिलाने का कौल-करार करके नहीं लाये थे ?

अर्जुन— मैंने ऐसा ही किया था जहाँपनाह !

बादशाह— तुम महज़ दगाबाज़ और नमकहराम ही नहीं हो बल्कि उन लोगोंसे और कमीने गुनहगारों में हो जो हर कौम में बदकिस्मती से पैदा होते हैं और जिनकी वजह से कौम की कौम को नीचा देखना पड़ता है। तुम्हारे जैसे गुनहगारों को माफ करना और उन पर रहम करना न सिर्फ इन्साफ का गला काटना है बल्कि गुनाह करना है। अमरसिंह तख्त का दुश्मन न था। वह कसूरवार था और उसका कसूर महज यही था कि वह अपनी फजीहत बर्दाश्त नहीं कर सकता था। वह एक जवाँमर्द बहादुर था। उसका कत्ल एक ऐसे कमीने आदमी ने किया जो उसका हकीकी रिश्तेदार और राजपूत है। (ख्वाजासरा से) इस दोज़खी का सिर मुंडा कर और काला मुँह कर, गधे पर चढ़ाकर शहर में घुमाओ और ढोल पीटकर इसकी करनी दुनिया पर रोशन कर दो। फिर जल्लादों के सुपुर्द कर दो कि वे इसे जिन्दा जमींदोज कर दें।

[ख्वाजासरा अर्जुन को पकड़ कर ले जाते हैं। वह रोता चिल्लाता जाता है।]

बादशाह— (एक मुसाहिब से) अमरसिंह की लाश को बुर्ज पर रख दिया जाय और वह लाश दिन रात वहीं रखी रहे।

जाफ़र फ़ौजदार को हुक्म है कि फ़ौज का एक दस्ता लेकर नौमहला दख़ल कर लें और वहाँ का तमाम ख़ज़ाना शाही हुज़ूर में पेश करें। इसके सिवा अमर सिंह के भतीजे को फ़ौरन शाहामावदगी ख़ज़ाने को हाज़िर करें।

[दरबार बर्ख़ास्त होता है। जाफ़रखाँ और मुसाहिब बादशाह को कोर्निश करके विदा होते हैं। सब दरबारी दंग होते हैं]

बादशाह—(स्वगत) सल्तनत भी कैसी तकलीफ़देह चीज़ है। बादशाह होना भी एक बदनसीबी है। अमरसिंह की ख़ता पर अगर मैं रहम करूँ तो दरबारी चौंक उठेंगे। अमरसिंह ने शाही अदब भंग किया है और ऐसा काम किया है जो तख़्त-मुग़लिया की तवारीख़ में पहले कभी नहीं हुआ। अब देखना है, क्या होना है?

[सोचता हुआ जाता है]

अंक तीसरा

पहिला दृश्य

[स्थान—शीशमहल। समय—मध्याह्न। रानी राम वाले मन्दिर के भीतरी कक्ष में प्रतिमा के निकट ध्यानस्थ बैठी है। सामने प्रतिमा के आगे धूप जल रही है। दासियाँ यथास्थान खड़ी हैं।]

रानी— (मन्दिर के देवता को लक्ष्य करके) हे देव! मैंने सदैव ही मन-वचन-कर्म से धर्म निबाहा है। आज मेरी कुशल नहीं। आज मुझ मूर्खा ने विजयी स्वामी को फिर से काल के मुँह में भेज देने की मूर्खता की है। हे देव, अब तुम्हीं उनकी रक्षा करो। हाय! मेरा मन कैसा कैसा हो रहा है।

एक दासी—रानी माँ! आप चिंतित न हूजिये।

रानी— मैं धीरज नहीं रख सकती। मेरा मन बेचैन है। कोई भय भावना मेरे मन में प्रवेश कर गई है। यह कैसो अपशकुन यह शृगाल दिन में रो रहा है। हे भगवान अब क्या होने वाला है!

[रामसिंह का भागे गिरते बदहवास प्रवेश]

रामसिंह—काकीजी!

रानी— (गद्गद होकर) समझ गई महाराज वीरगति को प्राप्त हुए।

रामसिंह—काकीजी ! हम लुट गये। (रोता है।)

रानी— धीरज रख पुत्र ! यह राजपूत के रोने का समय नहीं। क्या इतने बड़े बादशाह ने दगा की ?

रामसिंह— नहीं काकीजी ! पापी मामा ने दगा की ?

रानी— (स्तब्ध होकर) अर्जुन ने पाप किया !

रामसिंह— उस अधम ने खिड़की की राह से आकर—ज्योंही महाराज सिर झुकाकर घुसे, पीछे से तलवार का भारी वार किया।

रानी— (क्षणभर स्थिर दृष्टि से आकाश की ओर देखकर) अन्त में वह दुर्धर्ष वीर इस विश्वासघाती के हाथ इस भाँति काम आये ! जिसकी बहिन के मस्तक पर उन्होंने सौभाग्य चिह्न अङ्कित किया पुत्र ! उस कायर-कुकर्मी अधम का सिर काटकर मेरे सम्मुख ले आओ। मैं देखकर कलेजा ठण्डा करूँ।

रामसिंह— वह अपनी करनी का फल पा चुका। बादशाह ने उस विश्वासघाती का सिर मुँड़ा काला मुँह करा कर नगर में घुमाया—फिर जिन्दा जमीन में गड़वा दिया।

रानी— (आँसू को पोंछती हुई) हाय, यह मृत्यु क्या है और यह जीवन भी ! राजपूतनी का जीवन कितना स्वल्प-कालीन होता है। कल मैं अस्फुटित कुसुमकलिका थी—आज उसका सौरभ विकास हुआ आज ही यह सूख कर समाप्त हो गई। स्वामी के प्यार की वैभव एक ओर

देगी। यह चिता कभी मधुर और तीखी लगती थी। आज उसके नाम पर मृत्यु कैसी प्यारी लगती है। यही मृत्यु अपनी सुखद गोद में भरकर मुझे स्वामी तक पहुँचा देगी। (ऊपर देख कर) हे स्वामी! हे प्राणेश्वर! तुम्हें प्रतीक्षा करनी पड़ी। ठहरो! मैं आती हूँ। (राम सिंह से) पुत्र!

रामसिंह— (हाथ जोड़ कर) आज्ञा जी!

रानी— अब अन्तिम व्यवस्था करो। मैं सती होऊँगी।

रामसिंह— जो आज्ञा काकीजी! लेकिन बादशाह ने हुक्म दिया है कि महाराज का शरीर सात दिन बुर्ज पर रक्खा रहे। नौ-महला दखल करने और खजाना जब्त करने को भी बादशाह ने फौजें भेजी हैं।

रानी— (नागिन की भाँति चोट खाकर) क्या कहा? जिस नर शार्दूल ने जीते-जी अपमान न सहन किया और एक बात पर भरे दरबार में लोहा लिया उसके मृत शरीर का ऐसा अपमान होगा? हमें अपनी आन निभानी होगी। (सिंहनी की भाँति गर्ज कर) मैं अभी किले में जाऊँगी मेरे वीर पति की तलवार लाओ!

रामसिंह— (रानी के पैर छूकर) काकीजी जब तक यह सेवक जीवित है आप को कष्ट करने की आवश्यकता नहीं! आप आज्ञा दीजिए, मैं महाराज का शरीर लेने जाता हूँ। परन्तु काकीजी, यहाँ की रक्षा का

रानी— किन्तु नहीं वीर, तुम महाराज का शरीर तुरन्त ले आओ।

अमरसिंह— जो आज्ञा माताजी! हाँ मेरी एक विनय है। यदि उचित समझी जाय तो वस्सूजी को संदेश भिजवा दें। वे राज्य के पुराने चाकर हैं आमेर ही में हैं। महाराज से या ही एक साधारण बात उनकी खटक गई थी। वे बड़े वीर हैं।

रानी— पुत्र, यदि वे न आवें?

अमरसिंह— जब महाराज ही न रहे तो द्वेष किससे? फिर ऐसे समय क्षत्रिय ऐसी बातों का विचार नहीं करते। एक सन्देश शाहबाज पठान के पास भेज दीजिए और बूँदी को साँडनी भेज दी जाय।

रानी— (आँसू गिराकर) जाओ वीर, तुम तैयारी करो। मैं वस्सू जी को संदेश भेजती हूँ।

[रानी एक तरफ चली जाती है]

दूसरा दृश्य

[स्थान—आमेर। वस्सूजी की हवेली। समय—मध्याह्न रसोईघर का बाहरी भाग। रानी और दासियाँ। वस्सू जी की रसोई का सरंजाम हो रहा है।]

दासी— स्वामीजी अनर्थ हो गया!

रानी— क्या री?

दासी— वीरवर अमरसिंह काम आये।

रानी— सुन तो चुकी हूँ।

दासी— और उनकी लाश बुर्ज पर डाल दी गई है।

रानी— सुना तो यही है।

दासी— हाड़ी रानी सती होना चाहती हैं।

रानी— यह उनका धर्म है।

दासी— पर उनके पास सहायक कौन है जो बादशाह से लाश ले।

रानी— राजपूतनी के हाड़ा सम्बन्धी तो हैं।

दासी— रानीजी अपराध क्षमा हो वे क्या इस समय यहां हैं?

रानी— तो इसमें मैं क्या कर सकती हूँ?

दासी— हाड़ी रानी ने महाराज से सहायता मांगी थी।

रानी— फिर?

दासी— महाराज ने शरणागत अबला की सहायता देने से इन्कार कर दिया।

रानी— है इसमें बुरा क्या हुआ रा?

दासी— रानीजी हम अल्पमति दासी हैं अपराध क्षमा हो।

रानी— वह तो सही अपराध की क्या बात है?

दासी— रानीजी स्वर्गीय महाराज हाड़ी रानी के पति के सेवक थे उन्होंने उनका नमक खाया था।

रानी— हूँ, तो तुम लोग भी महाराज को इस कर्म का पतित समझती हो। क्यों?

दासी— सेविका का यह साहस नहीं। पर महारानी सर्वत्र यही चर्चा हो रही है। हमारे महाराज तो बड़े वीर हैं।

रानी— वीर हैं यह तुमसे किसने कहा?

दासी— यह बात तो जगद्विख्यात है।

रानी— होगी।

दासी— महाराज भोजनार्थ पधार रहे हैं।

रानी— तो लोहे के थाल में भोजन परोस। लोहे का ही लोटा रख दे।

दासी— (विस्मित होकर) यह क्या रानीजी?

रानी— और सुन।

दासी— जी।

रानी— यदि महाराज या मैं इस सम्बन्ध में कुछ बात करें तो तुम लोग चुपचाप निकल जाना।

दासी— जो आज्ञा रानीजी।

[दासी का प्रस्थान]

दूसरी दासी—सरकार भोजनार्थ पधार रहे हैं।

रानी— अच्छी बात है।

[जसवंत का प्रवेश]

रानी— आइए महाराज, इधर पधारिए। यह आसन है।

वस्तूजी— (लोहे के पात्रों को देखकर) हैं यह क्या बेहूदगी है! किसने यह साहस किया ?

रानी— (विस्मित होने का भाव करके) क्या हुआ महाराज ?

वस्तूजी— किसने यह लोहे के पात्रों में भोजन परोसा है ? सोने चाँदी के पात्रों का क्या हुआ ?

रानी— (दासी से) क्यों री यह क्या बात है किसने यह अपराध किया है ?

वस्तूजी— मैं उसे क्षमा नहीं करूँगा। मेरा ऐसा अपमान! यह साहस किसने किया शीघ्र बोलो ?

रानी— बोलो री महाराज उसका सिर उतार लेंगे यह भयंकर अपराध है। इसके लिए क्षमा नहीं है।

[सब दासियाँ चुप रहती हैं]

रानी— अरी अभागिनियो! क्या तुम्हें नहीं मालूम कि महाराज लोहे से भय खाते हैं। महाराज के सामने लोहा रखा किसने ?

वस्तूजी— (क्रोध में) रानी, तुम यह क्या कह रही हो ?

रानी— कुछ नहीं महाराज यह मूर्खाएं इतना भी नहीं जानतीं कि यह एक बनिये का चौका है। यहाँ सोने-चाँदी के पात्र ही शोभा देते हैं। यहाँ लोहे का क्या काम ?

वस्तूजी— (क्रोध में लाल होकर) क्या यह बनिये का चौका है क्या मैं लोहे से भय खाता हूँ ?

रानी— महाराज आपके इस गुण को यह मूर्खा नहीं जानती। अवश्य इसका आप सिर काट डालिए।

जसवन्त— (क्रोध से काँपता हुआ आगे बढ़कर) क्या तुम मेरा उपहास कर रही हो रानी!

रानी— नहीं महाराज! क्या यह असत्य है? यदि आप लोह से भय नहीं खाते तो क्या आप इस समय यहाँ कौसा आरोगने पधारते! क्या यही आपके क्षत्रियत्व की मर्यादा है। राठौर की लाश कुर्सी पर पड़ी हो जिस का आपने पीढ़ियों से नमक खाया है, और उनकी रानी ने मुँह से बोल कर सहायता माँगी और आप ने शरणागत अबला को निराश कर दिया।

जसवन्त— उन्होंने मेरा अपमान किया है।

रानी— आप इसके यथार्थ पात्र हैं।

जसवन्त— वे मुझे दासीपुत्र कहते हैं।

रानी— आप निश्चय दासीपुत्र हैं (आगे बढ़कर तलवार छीन कर) जाइये महाराज, स्वादिष्ट भोजन सोने-चाँदी के थालों में आरोगिये। दासीपुत्र की यह अभागिनी पत्नी दुर्भाग्य से असल क्षत्राणी है। यह अभी दासी पुत्र के स्वामी की लाश को लोहा बजाकर लावेगी। देखूँ प्रतापी मुगलों की तलवार में कितना पानी है! अभी री दासियो तलवार लेकर मेरे साथ चलो।

[जाना चाहती है]

बल्लूजी— महारानी!

रानी— (लौटकर) क्या है महाराज?

बल्लूजी— (आगे बढ़ पुरुषे देखकर) मुझे क्षमा करो महारानी। मैं क्रोध में अंधा हो गया था। तुम वीरांगना हो धन्य हो तुम! तुमने मेरी आँखें खोल दीं और मेरी लाज रखली। लो यह तलवार अपने सौभाग्यशाली हाथों से मेरी कमर में बाँधो। फिर देखना इसके जौहर!

रानी— (तलवार को माथे से लगा कर) धन्य महाराज! यह तो मेरे वीर स्वामी का प्रताप है जिनकी चरण दासी बनकर मेरा जन्म सफल हुआ है। जिनकी वीरता का डंका राजपूताने में घर घर बज रहा है। यह सती स्वामी का स्वर है। लीजिए महाराज इस कृपाण को सम्भालिये और कर्तव्य का पालन कीजिए। (तलवार देती है)।

बल्लूजी— (तलवार बाँधकर अपनी पगड़ी पर हाथ रखते हुए) रानी अब मैं चला।

रानी— जाइए महाराज हाड़ी रानी बड़े संकट में है।

